प्रादेशिक समाचार
13.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में घायलों से की मुलाकात, दुर्घटना स्थल का भी लिया जायजा, दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलवे से ब्लैक बॉक्स बरामद।

2. धरती आबा जनभागीदारी अभियान की तैयारी को लेकर जमशेदपुर में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित, 15 से 30 जून तक जनजातीय गांवों में कल्याणकारी योजनाओं के लिए लगाए जाएंगे शिविर।

3. श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने देवघर में की समीक्षा बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी कार्य ससमय पूरा करने का दिया निर्देश।

4. मतदान केंद्रों की जियो फेंसिंग के लिए 540 पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा–29 हजार 5 सौ 62 मतदान केंद्रों की सीमाएं तय कर मतदाताओं तक पहुंच होगी आसान।

5. रामगढ़ पुलिस को मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान मे मिली बड़ी सफलता, 129 किलो मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।

गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल से एक डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलवे से ब्लैक बॉक्स बरामद भी कर लिया गया है।

********************

जमशेदपुर में धरती आबा जनभागीदारी अभियान की तैयारियों को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बृजनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। 15 से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत जनजातीय बहुल गांवों में शिविर लगाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दिया जाएगा। इसमें आधार कार्ड पंजीकरण, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान, जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि, सिकल सेल मिशन सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदाय तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

********************

राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में देवघर परिसदन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिस में विभागवार कार्यों की जानकारी दी गई और श्रावणी मेले से संबंधित सभी तैयारियों को 5 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे एआई आधारित कंट्रोल रूम, कैमरे, ड्रोन, फेस रिकग्निशन, क्यूआर कोड आधारित शिकायत प्रणाली आदि के उपयोग की योजना बनाई गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये मंत्री सुदिव्य

कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और अनुभव को सर्वोपरि रखते हुए सभी अधिकारियों को समन्वय और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

********************

राज्य में 540 निर्वाचन पदाधिकारियों और कर्मियों को मतदान केंद्र क्षेत्रों के जियो फेंसिंग हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 11 से 13 जून तक छह बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पीपीटी, प्रैक्टिकल और फील्ड विजिट कराया गया। प्रशिक्षित अधिकारी अपने जिलों में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के साथ मिलकर 29 हजार 5 सौ 62 मतदान केंद्र क्षेत्रों का जियो फेंसिंग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस प्रक्रिया से मतदान केंद्र की सीमाएं स्पष्ट होंगी और मतदाताओं तक पहुंच बनाना आसान होगा।

********************

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से बोकारो में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। योजना की वजह से गरीब और रोज़ कमाने–खाने वाले परिवारों को अब लकड़ी और कोयले की व्यवस्था नहीं करनी पड़ती, जिससे उनका जीवन सरल हुआ है। लाभुक महिलाओं ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि यह योजना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक साबित हो रही है।

********************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत हजारीबाग जिले में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने खेती से जुड़े हर एक आयाम की जानकारी दी।

********************

मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान मे रामगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रांची से लुधियाना जा रहे एक मिनी ट्रक से करीब 129 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई मे लुधियाना के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से नकद रुपए, मोबाइल फोन  समेत अन्य सामान भी जब्त किए गए हैं।

********************

<u>कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार से आज रांची के सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी प्रवीण पुश्कर ने राजभवन में ि□ाश्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों से जिले की विधि व्यवस्था की जानकारी ली और भाांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आव□यक कदम उठाने का निर्दे□ा दिए।
- लोहरदगा में आज आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उपायुक्त कुमार ताराचंद ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिले को आने वाले वर्षों में आम और दूध की नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे किसान व्यवसायी के रूप में उभर सकते हैं।
- खूंटी में फायरिंग और हथियार लहराने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देसी पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में 15 जून के बाद गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना है जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 15 से 18 जून तक राज्य के कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। साथ ही कल गरज, बिजली और तेज हवा के साथ कुछ हिस्सों में छिटपुट वर्षा की संभावना जताई गई है। फिलहाल राज्य में प्रचंड गर्मी जारी है और डालटेनगंज में तापमान 40 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

*******समाप्त********